दिन–मंगलवार

दिनांक– 27 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

भारत और यूरोपीय संघ ने आज मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। भारत और यूरोपीय संघ ने आज व्यापार, सुरक्षा, रक्षा साझेदारी, आवाजाही, आपदा जोखिम प्रबंधन और हरित हाइड्रोजन सहित सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के संबंध मजबूत हुए हैं और नए मुकाम पर पहुंचे हैं। श्री मोदी ने भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को सबसे महत्वपूर्ण मदर ऑफ ऑल डील्स समझौता बताते हुए इसे विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है।

———————————————————————

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। यह सत्र दो अप्रैल तक चलेगा। इससे पहले, आज नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में सर्वदलीय बैठक बुलाई गयी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सत्र के सूचारू संचालन को लेकर सभी दलों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में राज्यसभा के नेता जे.पी. नड्डा, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, कांग्रेस नेता जयराम रमेश समेत विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान मधुबनी जिले में तीन सौ इक्यानवे करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ चौरानवे विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री कुमार ने दो सौ अंठानवे करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ एक योजनाओं का शिलान्यास किया, जबकि तिरानवे करोड़ रूपये लागत वाली दो सौ चौरानवे योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में स्वास्थ्य संरचनाओं को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय–तीन के तहत सभी जिलों में लोगों को स्थानीय अस्पतालों में सुविधापूर्ण और सूचारू इलाज की

व्यवस्था पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की।

————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–मध्य भागों में कई स्थानों में मौसम में परिवर्तन हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। समस्तीपुर, सीवान, सहरसा, भागलपुर और किशनगंज जिले में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कर्मी दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज और सीवान जिलों में एक दो स्थानों पर गरज के साथ वज्रपात की संभावना है। वहीं, प्रदेश के कई भागों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी हो सकती है।

————————————————————————

डेयरी, मत्स्य और पशु संसाधन मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा है कि पशु तस्करी रोकने के लिए अलग नीति बनाई जाएगी। कटिहार में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री मेहता ने कहा कि पश्चिम बंगाल से सटे सीमांचल क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद पशु तस्करी का अवैध धंधा चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर पूर्ण नियंत्रण के लिए सरकार गंभीर है और नई नीति के तहत कठोर दंड वाले प्रावधान लागू किये जायेंगे।

————————————————————————

केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पश्चिम चंपारण जिले के नरकटियागंज में बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से बाल विवाह के विरूद्ध एकजुट होने की अपील की।

औरंगाबाद जिले का चौवनवां स्थापना दिवस आज समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने नगर भवन में आयोजित समारोह का उद्घाटन किया।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।